भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1901

जिसका उत्तर 14 दिसम्बर, 2023 को दिया जाना है।

.....

तमिलनाडु के लिए जल छोड़ा जाना

1901. श्री ए. राजाः

श्री ए. गणेशमूर्ति

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या कर्नाटक सरकार तमिलनाडु को कावेरी जल न देकर कावेरी जल विवाद अधिकरण (सीडब्ल्यूडीटी) के अधिनिर्णय का घोर-उल्लंघन कर रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और अधिकरण ने कितनी मात्रा में जल छोड़ने का निर्धारण किया था और विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान कर्नाटक द्वारा माह-वार कितना जल छोड़ा गया है;

(ग) क्या कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण ने भी सीडब्ल्यूडीटी अधिनिर्णय द्वारा यथा निर्धारित जल छोड़े जाने की बात दोहराई है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) केन्द्रीय सरकार द्वारा सीडब्ल्यूडीटी के आदेश को लागू कराने के लिए क्या ठोस प्रयास किए गए हैं क्योंकि तमिनाडु कावेरी डेल्टा के किसान पीड़ित हैं?

उत्तर

जल शक्ति राज्य मंत्री (श्री बिश्वेश्वर टुडु)

(क) से (ङ): आईएसआरडब्ल्यूडी अधिनियम, 1956 की धारा 6(क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्र सरकार ने, अन्य बातों के साथ-साथ, कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण (सीडब्ल्यूएमए) और कावेरी जल विनियमन समिति (सीडब्ल्यूआरसी) का गठन करते हुए कावेरी जल प्रबंधन योजना अधिसूचित की ताकि माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 16 फरवरी, 2018 के आदेश द्वारा यथा संशोधित कावेरी जल विवाद अधिकरण के निर्णय को प्रभावी बनाया जा सके। माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 16.02.2018 के आदेश के अनुसार, कर्नाटक राज्य द्वारा सामान्य वर्ष में तमिलनाडु के साथ अंतर-राज्यीय संपर्क बिंदु यानी बिलिगुंडुलु में

177.25 हजार मिलियन क्यूबिक फीट (टीएमसी) पानी छोड़ा जाना अपेक्षित होगा। भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय ने इस आदेश में यह भी स्पष्ट किया था कि यदि संकट वाले वर्ष में यील्ड कम रहती है तो आवंटित हिस्से को नियामक प्राधिकरण द्वारा शामिल राज्यों के बीच आनुपातिक रूप से कम किया जाएगा।

इस समय जल वर्ष 2023-24 (दिनांक 01.06.2023 से शुरू) के दौरान, तमिलनाडु सरकार ने बिलिगुंडुलु में कावेरी जल का कम हिस्सा प्राप्ति का मुद्दा उठाया। माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 16.02.2018 के आदेश के अनुसार बिलिगुंडुलु में प्राप्त किए जाने वाले प्रवाह की मात्रा के मामले की सीडब्ल्यूएमए और सीडब्ल्यूआरसी की विभिन्न बैठकों में समीक्षा की गई है और कावेरी बेसिन में मौजूदा हाईड्रो-मेट्रोलॉजिकल संबंधी स्थितियों को ध्यान में रखते हुए बिलिगुंडुलु में निर्धारित मात्रा की प्राप्ति के संबंध में कर्नाटक के सदस्य राज्य को निर्देश दिए गए थे। अब तक सीडब्ल्यूएमए की सात बैठकें और सीडब्ल्यूआरसी की ग्यारह बैठकें, माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा यथा संशोधित कावेरी जल विवाद प्राधिकरण के अंतिम अधिनिर्णय के अनुसार कावेरी जल के वितरण से संबंधित मुद्दों को हल करने के लिए, आयोजित की गई हैं।

एक सामान्य वर्ष में बिलिगुंडुलु स्थान पर वर्ष-वार और माह-वार निर्धारित प्रवाह और पिछले 3 जल वर्षों (2020-23) और वर्तमान जल वर्ष (2023-24) के दौरान बिलिगुंडुलु में प्राप्त वास्तविक प्रवाह का विवरण **अनुलग्नक-I** में दिया गया है।

कर्नाटक सरकार द्वारा दिनांक 21.11.2023 के पत्र द्वारा सीडब्ल्यूएमए के अध्यक्ष को सूचित किया गया है कि कर्नाटक राज्य ने बिलिगुंडुलु में निर्धारित मात्रा के अनुसार प्राप्ति के संबंध में सीडब्ल्यूएमए की बैठकों में लिए गए सभी निर्णयों का अनुपालन किया गया है।

(अनुलग्नक-।)

"तमिलनाडु के लिए जल छोड़ा जाना" के संबंध में दिनांक 14.12.2023 को लोक सभा में उत्तर दिए जाने वाले अतारांकित प्रश्न संख्या 1901 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक।

एक सामान्य वर्ष में बिलिगुंडुलु साइट पर वर्ष-वार और माह-वार निर्धारित प्रवाह और पिछले 3 जल वर्षों (2020-23) और वर्तमान जल वर्ष (2023-24) के दौरान बिलिगुंडुलु में प्राप्त वास्तविक प्रवाह का विवरण।

माह	एक सामान्य वर्ष में बिलिगुंडुलु साइट पर निर्धारित प्रवाह (टीएमसी)	बिलिगुंडुलु में प्राप्त वास्तविक प्रवाह 2020-2021 (टीएमसी)	बिलिगुंडुलु में प्राप्त वास्तविक प्रवाह 2021-2022 (टीएमसी)	बिलिगुंडुलु में प्राप्त वास्तविक प्रवाह 2022-23 (टीएमसी)	बिलिगुंडुलु में प्राप्त वास्तविक प्रवाह 2023-24 (टीएमसी)
जून	9.19	6.204	7.697	16.458	2.833
जुलाई	31.24	11.346	27.988	106.926	8.747
अगस्त	45.95	57.477	22.641	223.557	19.995
सितंबर	36.76	45.184	33.137	105.512	13.585
अक्टूबर	20.22	39.703	48.274	120.764	12.844
नवंबर	13.78	23.156	71.561	40.643	10.658
दिसंबर	7.35	12.146	26.181	25.972	-
जनवरी	2.76	5.673	6.433	7.375	-
फ़रवरी	2.5	2.038	3.112	4.512	-
मार्च	2.5	1.523	5.215	4.305	-
अप्रैल	2.5	2.881	5.864	2.992	-
मई	2.5	3.984	22.958	8.467	-

*****